THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (AUDYOGIK VIKAS MANTRALAYA MEN UP-MANTRI) (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD) : (a) Sales have been showing a rising trend.

(b) No, Sir

(c) Yes, Sir

(d) Yes, Sir

छोटी रेलवे (लाइट रेलवे) को बन्द करना

169. **श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्षों में किन स्थानों पर छोटी रेलवे लाइनों को बन्द किया गया है ;

(ख) इन लाइनों को बन्द कर देने के परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति बेरोजगार हो गये हैं ; और

(ग) कितने व्यक्तियों को दूसरा रोजगार दिया गया है और शेष व्यक्तियों को कब तक रोजगार दिया जायगा ?

रेल मंत्री (श्री हनुमन्तैया) : (क) उत्तर प्रदेश राज्य में शाहदरा-सहारनपुर लाइट रेलवे 1-9-70 से मालिक एवं संचालक कम्पनी द्वारा बन्द कर दी गयी है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल में हवडा-आम्ता और हवडा शेखाला लाइट रेलें भी 1-1-1971 से मालिक तथा संचालक कम्पनियों द्वारा बन्द कर दी गयी है।

(ख) इन रेलों को बन्द किये जाने के परिणामस्वरूप शाहदरा-सहारनपुर लाइट रेलवे पर 1173, हवडा-आम्ता और हवडा-शेखाला दोनों लाइट रेलों पर कुल मिलाकर 1357 और कलकत्ता स्थित इन रेलों के मुख्यालयों के 219 कर्मचारी बेरोजगार हो गये हैं।

(ग) शाहदरा-सहारनपुर लाइट रेलवे के 1013 भूतपूर्व कर्मचारियों को उत्तर रेल प्रशासन द्वारा जांच-परीक्षा के लिए बुलाया गया था ताकि यह निश्चय किया जाये कि उन्हें सरकारी रेलों के किन कामों पर लगाया जा सकता है। इस जांच-परीक्षा के लिए वास्तव में केवल 816 कर्मचारी उपस्थित हुए। जिन कर्मचारियों की इस प्रकार जांच-परीक्षा ली गयी थी उनमें से 124 को पहले ही नियुक्त किया जा चुका है। शेष कर्मचारियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में कार्रवाई की जा रही है। हावडा-आम्ता और हवडा-शेखाला लाइट रेलों के कर्मचारियों को पूर्व और दक्षिण-पूर्व रेलों पर नौकरी की पेशकश की जानी थी। पूर्व तथा दक्षिण पूर्व रेलों के कर्मचारी संघों द्वारा इस का जोरदार विरोध किया गया जिस के कारण उनकी नियुक्ति कर पाना सम्भव नहीं हो सका। इस स्थिति का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन कर्मचारियों को सरकारी रेलों पर किस तरह शीघ्र नौकरी दी जा सकती है।

अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश में विद्युतीकरण प्रतिशतता का कम होना

170. **श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में भारी जनसंख्या तथा विशाल क्षेत्रफल होते हुए भी वहां देश के अन्य राज्यों की तुलना में विद्युतीकरण से लाभान्वित हुई जनसंख्या तथा क्षेत्रफल की प्रतिशतता बहुत कम है ;

(ख) यदि हां, तो इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बहने वाली नदियों के जल